मैया के पावन चरणों में

मैया के पावन चरणों में,
तू सर झुका के देख ले,
देती है वरदान सबको,
तू भी आके देख ले,
मैया के पावन चरणों में,
शेरावाली की जय,
मेहराँ वाली की जय।।

माँ तेरे घट घट की जाने,
इसको क्या बतलायेगा,
मांगने की क्या ज़रूरत,
ऐसे ही मिल जाएगा,
भोली भाली मैया को बस,
तू रिझा कर देख ले,
देती है वरदान सबको,
तू भी आके देख ले,
मैया के पावन चरणों में......।

सच्चे भक्तों से मिलने का,
माँ को रहता चाव है,
रोली मोली चुनरी से,
बढ़कर तेरे भाव हैं,
प्रेम के दो बूँद आँसू,
तू बहाकर देख ले,
देती है वरदान सबको,
तू भी आके देख ले
मैया के पावन चरणों में......।

माँ सदा करती रखवाली,
भक्तों के परिवार की,
सारा जग जाने है महिमा,
मैया के दरबार की,
बिन्नू मैया दौड़ी आये,
तू बुलाकर देख ले,
देती है वरदान सबको,
तू भी आके देख ले,
मैया के पावन चरणों में.........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24067/title/mayia-ke-paawan-charno-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |